संख्या-13/2024/I/747366/38-4099(99)/129/2023

प्रेषक,

राजेन्द्र सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 20 सितम्बर, 2024

विषयः-मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देशों में संशोधन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी0ओ0-64/ग्रा0आ0अनु0/2024, दिनांक-28.03.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु निर्गत दिशा-निर्देशों में लाभार्थी को आवास स्वीकृति के उपरान्त उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में आवास का लाभ परिवार के आश्रित व्यक्ति को दिये जाने संबंधी संशोधन किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-06/2018/216/38-4-18-123(विविध)/2017, दिनांक-02.02.2018, सपठित शासनादेश संख्या-04/2019/80/38-4-19-123(विविध)/2017, दिनांक-04.02.2019, सपठित शासनादेश संख्या-09/2021/150/38-4-21-123(विविध)/2017 टी0सी0-1, दिनांक-18.03.2021, सपठित शासनादेश संख्या-19/2021/240/38-4-2021-123(विविध)/2017 टी0सी0-1, दिनांक-25.06.2021, सपठित शासनादेश संख्या-44/2021/671/38-4-2021-123(विविध)/2017, दिनांक-27.12.2021, सपठित शासनादेश संख्या-16/2022/225/38-4-22-123(विविध)/2017 टी0सी0-1, दिनांक-20.09.2022, सपठित शासनादेश संख्या-11/2023/114/38-4-23-123(विविध)/2017 टी0सी0-1, दिनांक-11.04.2023, सपठित शासनादेश संख्या-05/2024/I/502348/38-4099(99)/129/2023, दिनांक-22.02.2024 एवं सपठित शासनादेश संख्या-09/2024/I/735262/38-4099(99)/29/2024, दिनांक-06.09.2024 द्वारा कतिपय वर्ग/समुदाय/जातियों/जनजातियों को योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- उपर्युक्त शासनादेशों के क्रम में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-06/2018/216/38-4-18-123(विविध)/2017, दिनांक-02.02.2018 द्वारा योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी के प्रस्तर-2 के उप प्रस्तर-3.5 में निम्नलिखित प्राविधान जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है-

" प्रस्तर-3.1 से 3.4 तक में उल्लिखित सभी श्रेणियों में लाभार्थी के चयन एवं आवास साफ्ट पर पंजीकरण किये जाने के पश्चात् लाभार्थी की मृत्यु हो जाने की दशा में उसके आश्रित/वारिस को आवास आवंटित किया जायेगा।"

भवदीय,
राजेन्द्र सिंह,
विशेष सचिव।

संख्या-13/2024/1/747366(1), तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
(2) निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री जी, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, उ0प्र0।
(3) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0।
(4) स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
(5) विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
(6) अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(8) प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
(9) समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
(10) समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
(11) समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
(12) समस्त परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण, उ0प्र0।
(13) निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0।
(14) समस्त अनुभाग, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 सचिवालय।
(15) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमाकान्त सिंह,
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in